Govt. Registered Social Justice Union

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायससाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, मंगलवार, 08 मार्च 2022 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-04, अंक- 160

## महत्वपूर्ण एवं खास

### सतना में नकली टीसी गिरफ्तार

**सतना (आरएनएस)।** मध्यप्रदेश के सतना की रेलवे पुलिस ने ट्रेन में टीसी बनकर यात्रियों की टिकट चेकिंग करने और धौंस देकर रुपए वसूलने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। राजकीय रेल पुलिस के अनुसार मुंबई जा रही महानगरी एक्सप्रेस में टी सी बनकर यात्रियों की टिकट जांचने और धौंस दिखाकर रुपये वसूलने वाले राज मिश्रा को कल गिरफ्तार कर लिया गया। उसके खिलाफ यात्रियों ने रेलवे पुलिस से शिकायत की थी। पुलिस मामले में आरोपी से पूछताछ कर रही है।

### श्रीनगर ग्रेनेड हमले में घायल युवती की मौत

**श्रीनगर (आरएनएस)।** केंद्रशासित प्रदेश जम्मू कश्मीर की राजधानी श्रीनगर के हरि सिंह हाई स्ट्रीट मार्केट में ग्रेनेड हमले में गंभीर रूप से घायल एक युवती की सोमवार को मौत हो गई। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि मृत युवती की पहचान श्रीनगर के हजरतबल निवासी नजीर अहमद टिंडा की बेटी सफिया (20) के रूप में की गयी है। रविवार को व्यस्ततम हरि सिंह हाई स्ट्रीट बाजार में अज्ञात आतंकवादियों ने ग्रेनेड फेंका था । विस्फोट में एक पुलिसकर्मी सहित कम से कम 35 लोग घायल हो गये थे। गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति की कल ही मौत हो गयी थी।

### त्रिपुरा में भाजपा के दो विधायकों ने छोड़ी पार्टी

**अगरतला (आरएनएस)।** भाजपा को त्रिपुरा में बड़ा झटका लगा है। पार्टी के दो विधायकों सुदीप रॉय बर्मन और आशीष कुमार साहा ने विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। इसके साथ ही दोनों नेताओं ने पार्टी भी छोड़ दी है। दोनों ही नेता इस्तीफा देने के बाद दिल्ली जा रहे हैं। इन दोनों ही नेताओं के कांग्रेस में शामिल होने की अटकलें लगाई जा रही हैं। दिल्ली में आकर दोनों नेता कांग्रेस की सदस्यता ले सकते हैं। कहा जा रहा है कि दोनों 10 फरवरी को कांग्रेस में शामिल होंगे। आशीष कुमार साहा ने भाजपा से पहले ही इस्तीफा दे दिया था, लेकिन आज उन्होंने विधायकी भी छोड़ दी।

### ढलाई मशीन गड्ढे में पलटने से चार की मौत

**जौनपुर (आरएनएस)।** जिले के खेतासराय-दीदारगंज मार्ग पर जमदहां गांव के पास रविवार की राते ट्रैक्टर सहित ढलाई मशीन गड्ढे में पलट गई। हादसे तीन मजदूर सहित चार लोगों की मौत हो गई, जबकि एक मजदूर घायल हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं घायल मजदूर को पीएचसी सोंधी भेजवाया। अब्बोपुर गांव के राजू बिंद के यहां से मशीन ढलाई कर वापस आ रही थी, जिस पर लेबर भी पीछे बैठ हुए थे। खेतासराय-दीदारगंज मार्ग पर शाम सात बजे जमदहां गांव के पास साइकिल सवार मानीखुर्द निवासी टुनटुन उर्फ प्रदीप प्रजापति उसकी चपेट में आ गया। इस दौरान ढलाई मशीन सहित ट्रैक्टर साइकिल सवार को रौंदते हुए असंतुलित होकर सडक़ के किनारे गड्ढे में पलट गया। जिससे साइकिल सवार टुनटुन प्रजापति सहित ढलाई मशीन पर पीछे बैठे अब्बोपुर निवासी चिंतेलाल व हरिश्चंद्र गौतम, खलौतीपुर निवासी शंकर बिंद की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि राम शकल बिंद (50) निवासी अब्बोपुर घायल हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों के कब्जे में ले लिया, जबकि घायल शकल बिंद को पीएचसी सोंधी में भर्ती कराया। थानाध्यक्ष श्री प्रकाश राय ने बताया कि दुर्घटना में तीन मजदूर सहित एक साइकिल सवार की मौत हो गई है, जिनका शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। एक घायल को पीएचसी सोंधी भर्ती कराया गया है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है।

### दाऊद मामले में 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजे गए नवाब मलिक

**मुंबई (आरएनएस)।** मुंबई की एक विशेष अदालत ने महाराष्ट्र के अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री नवाब मलिक को भगोड़े गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम और उसके सहायकों की गतिविधियां से जुड़े मनी लांड्रिंग के मामले में सोमवार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। मलिक को प्रवर्तन निदेशालय ने दक्षिण मुंबई स्थित अपने कार्यालय में करीब 5 घंटे तक पूछताछ करने के बाद 23 फरवरी को गिरफ्तार कर लिया था। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी नेता को सोमवार को ईडी की उनकी हिरासत खत्म होने पर विशेष न्यायाधीश आरएन रोकड़े के समक्ष पेश किया गया। अदालत ने उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया क्योंकि जांच एजेंसी ने उनकी और रिमांड नहीं मांगी थी।

# यूक्रेन से छत्तीसगढ़ के 197 छात्र-छात्राओं की सकुशल वापसी



❐ मुख्यमंत्री के निर्देश पर इन छात्र-छात्राओं को वाहन, ठहरने, भोजन की सुविधा उपलब्ध करायी गयी

❐ गृह नगर जाने के लिए एयर टिकट कराकर उनके परिजनों को सकुशल सौंपा गया

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा यूक्रेन संकट के दौरान छत्तीसगढ़ के नागरिकों की सहायता हेतु नई दिल्ली में सहायता केन्द्र बनाया गया है। इस केन्द्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार 27 फरवरी से आज 7 मार्च को शाम 5 बजे तक छत्तीसगढ़ के 197 छात्र-छात्राओं की सकुशल वापसी हो चुकी है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर इन छात्र-छात्राओं को वाहन, ठहरने, भोजन की सुविधा उपलब्ध करायी गयी, इसके साथ ही इन छात्र-छात्राओं को अपने गृह नगर जाने के लिए एयर टिकट कराकर उनके परिजनों को सकुशल सौंपा जा चुका है।नई दिल्ली स्थित छत्तीसगढ़ भवन के संयुक्त आवासीय आयुक्त संजय अवस्थी से प्राप्त जानकारी के अनुसार नई दिल्ली में बनाये गए इस सहायता केन्द्र से यूक्रेन में फंसे छत्तीसगढ़ के 17 छात्र-छात्राएं और उनके 7 परिजन दूरभाष के माध्यम से लगातार सम्पर्क में हैं।

## 24 फरवरी के बाद से बच्चों ने काफी कुछ सहा दहशत में हैं छात्रायें

**कानपुर (आरएनएस)।** किदवई नगर निवासी एलआईसी के शाखा प्रबंधक नरेंद्र कुमार गुप्ता की बेटी प्रशस्ति गुप्ता यूक्रेन की राजधानी कीव के बोगोमोनेट्स मेडिकल विवि से एमबीबीएस तृतीय वर्ष की छात्रा है। रविवार को वह हंगरी से फ्लाइट के जरिए मुंबई एयरपोर्ट पर उतरी। नरेंद्र कुमार के मुताबिक,बेटी ने बताया कि कई विद्यार्थी मुंबई व आसपास के जिलों के रहने वाले थे। उसे उसी फ्लाइट में बैठाया गया। इसके चलते उसे भी मुंबई में उतरना पड़ा। हालांकि मुंबई से उसने लखनऊ के लिए दूसरी फ्लाइट ली है। उन्होंने बताया कि 24 फरवरी के बाद से बच्चों ने काफी कुछ सहा है। बातचीत से ही लगता है कि वह काफी दहशत में हैं। चकेरी लाल बंगला के सुभाष नगर निवासी नीलम कुमार शुक्ला की बेटी आकांक्षा भी यूक्रेन में एमबीबीएस चौथे वर्ष की छात्रा हैं। रविवार को वह भी अन्य भारतीयों के साथ दिल्ली लौटीं। आकांक्षा के पिता ने बताया कि भारतीय दूतावास की ओर से एडवाइजरी जारी होने पर बेटी से तुरंत भारत आने के लिए कहा था। उसने तीन गुना कीमत पर टिकट खरीदी, लेकिन 24 फरवरी को एयर स्पेस बंद कर दिया गया जिससे फ्लाइट रद हो गई। कीव यूक्रेन के सबसे संवेदनशील शहरों में शामिल है। रूसी सेना सबसे पहले वहीं पर कब्जा करना चाहती थी। ऐसे हालात में बेटी वहां फंस गई। एक मार्च को ही वह निकल सकी और हंगरी पहुंची। रविवार को वह इंडिगो की फ्लाइट से दिल्ली एयरपोर्ट पहुंची। बेटी आते ही परिवार से लिपटकर रो पड़ी। इसके बाद पूरा परिवार बेटी को लेकर बांके बिहारी के दर्शन को निकल गया।

## प्रधानमंत्री ने रूसी संघ के राष्ट्रपति महामहिम व्लादिमीर पुतिन से बात की

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज रूसी संघ के राष्ट्रपति महामहिम व्लादिमीर पुतिन के साथ फोन पर बात की। दोनों नेताओं ने यूक्रेन में उभरती परिस्थितियों पर चर्चा की। राष्ट्रपति पुतिन ने यूक्रेन और रूस की टीमों के बीच वार्ता की स्थिति के बारे में प्रधानमंत्री मोदी को जानकारी दी। प्रधानमंत्री मोदी ने रूस और यूक्रेन के बीच चल रही वार्ता का स्वागत किया और आशा व्यक्त की कि इससे संघर्ष समाप्त हो जाएगा। उन्होंने सुझाव दिया कि राष्ट्रपति पुतिन और राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की के बीच सीधी बातचीत से शांति की दिशा में चल रहे प्रयासों में काफी मदद मिल सकती है। प्रधानमंत्री मोदी ने सूमी में अभी भी बाकी बचे भारतीय छात्रों की सुरक्षा को लेकर अपनी गहरी चिंता व्यक्त की। राष्ट्रपति पुतिन ने प्रधानमंत्री को भारतीय छात्रों सहित नागरिकों को निकालने की सुविधा प्रदान करने के लिए वर्तमान में जारी मानवीय गलियारों से संबंधित उपायों के बारे में जानकारी दी।

## लोगों को सुरक्षित निकालने रूस युद्ध रोकने को हुआ तैयार

**मास्को।** युद्धग्रस्त यूक्रेन के विभिन्न शहरों में हो रही गोलाबारी के बीच फंसे भारतीय छात्रों समेत सैंकडों लोगों की सुरक्षित निकासी के परिप्रेक्ष्य में मानवीय गलियारा बनाने के वास्ते रूस युद्धविराम के लिए तैयार हो गया है। यूक्रेन के राजधानी शहर के साथ साथ खारकीव, मारियूपॉल और सुमी में रूसी सेनाओं को सबसे जबरदस्त हमला हुआ है और इन्हीं शहरों से लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने के लिए सुरक्षित गलियारे बनाये जायेंगे। रूस के रक्षा मंत्रालय के अनुसार स्थानीय समयानुसार सुबह दस बजे से और भारतीय समयानुसार दोपहर साढ़े बारह बजे से युद्धविराम किया जायेगा हालांकि यूक्रेनी प्रशासन की ओर से इसकी पुष्टि होना बाकी है।

# फलस्तीन में भारत के राजदूत की मौत

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** फलस्तीन में भारत के राजदूत मुकुल आर्या की रहस्मयी हालात में मौत हो गई है. आर्या रमल्ला स्थित भारतीय दूतावास के अंदर ही मृत पाए गए.आर्या रविवार को रमल्ला स्थित भारतीय दूतावास के अंदर ही मृत पाए गए. अभी तक उनकी मृत्यु के कारणों के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली है. वो एक युवा राजनयिक थे और 2008 में ही भारतीय राजनयिक सेवा से जुड़े थे. उन्होंने जून 2021 में फलस्तीन में कार्यभार संभाला था. विदेश मंत्री एस जयशंकर ने उनकी मृत्यु के बारे में जानकारी देते हुए एक ट्वीट में उन्हें एक तेजस्वी और प्रतिभावान अधिकारी बताया. फलस्तीन की सरकार ने एक बयान जारी कर कहा आर्या की मृत्यु पर विस्मय और दुख व्यक्त किया. बयान में यह भी कहा गया कि फलस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास और प्रधानमंत्री मोहम्मद शतयेह ने सभी संबंधित विभागों को आर्या की मृत्यु के कारण के बारे में जानकारी हासिल करने के आदेश दिए हैं

अफगानिस्तान में भारतीय उच्च आयोग, रूस में भारतीय दूतावास और फ्रांस में यूनेस्को में भारत के स्थायी प्रतिनिधि मंडल में काम किया था. उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय और सिंगापुर के ली कुआं यू स्कूल जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों से पढ़ाई की थी. फलस्तीन में भारत का पूर्ण दूतावास नहीं है. फलस्तीन में भारतीय मिशन को भारत का प्रतिनिधि कार्यालय और वहां का कार्यभार संभालने वाले भारतीय अधिकारी को भारत का प्रतिनिधि कहा जाता है. भारत ने यह कार्यालय 1996 में गजा में स्थापित किया था. 2003 में इसे गजा से रमल्ला स्थानांतरित कर दिया गया. फलस्तीन का समर्थन भारत की विदेश नीति का एक अहम हिस्सा रहा है. 1974 में भारत फलस्तीन लिबरेशन ऑर्गेनाइजेशन (पीएलओ) को फलस्तीनी लोगों के एकमात्र और जायज प्रतिनिधि के रूप में मान्यता देने वाले पहला गैर-अरब देश बन गया था.

# सुप्रीम कोर्ट 'मीडिया वन' पर 10 मार्च को करेगा सुनवाई

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि वह 'मीडिया वन' चैनल का केंद्र सरकार की ओर से प्रसारण लाइसेंस रद्द करने के मामले में उच्च न्यायालय के फैसले खिलाफ दायर याचिका पर 10 मार्च को सुनवाई करेगा। मुख्य न्यायाधीश एन. वी. रमना की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ ने आज चैनल की गुहार पर उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ दायर विशेष अनुमति याचिका पर गुरुवार को सुनवाई के लिए सहमति दी। केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा का हवाला देते हुए 31 जनवरी को मलयालम चैनल मीडिया वन का लाइसेंस रद्द करने का फैसला लिया था। इस फैसले पर उच्च न्यायालय ने उचित करार दिया था।



वरिष्ठ वकील दुष्यंत दवे ने चैनल की ओर से उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देने वाली दो मार्च को दायर याचिका को अति महत्वपूर्ण बताते हुए शीघ्र सुनवाई की गुहार लगाई थी। दवे ने शीघ्र सुनवाई की गुहार लगाते हुए पीठ के समक्ष कई तर्क दिए। उन्होंने कहा कि चैनल के करोड़ों दर्शक हैं तथा करीब 350 कर्मचारियों की रोजी-रोटी इससे जुड़ा हुआ है। करीब 11 साल के प्रसारण के दौरान चैनल के खिलाफ इस प्रकार की कोई शिकायत की गई है।

उन्होंने चैनल के प्रसारण पर प्रतिबंध को प्रेस की स्वतंत्रता और सूचना के अधिकार के खिलाफ बताते हुए अति शीघ्र सुनवाई पर जोर दिया। लिहाजा, इस मामले पर अति शीघ्र सुनवाई किए जाने की आवश्यकता है। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने राष्ट्रीय सुरक्षा का हवाला देते हुए 31 जनवरी को चैनल के प्रसारण पर प्रतिबंध लगा दिया था। चैनल ने प्रतिबंध के कुछ घंटे बाद ही सरकार इस फैसले के खिलाफ उच्च न्यायालय की एकल पीठ के समक्ष चुनौती दी थी।

उच्च न्यायालय की एकल पीठ ने सरकार के फैसले को सही ठहराया था, लेकिन अंतिम फैसला आने तक अंतरिम राहत देते हुए चैनल के प्रसारण की अनुमति दी थी। बाद में उच्च न्यायालय के दो सदस्य पीठ ने 8 फरवरी को एकल पीठ के उस फैसले को बरकरार रखा था। चैनल ने इस फैसले को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी है।

# राष्ट्रपति वर्ष 2020 और 2021 के लिये 29 हस्तियों को प्रतिष्ठित नारी शक्ति पुरस्कारों से करेंगे सम्मानित

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** आजादी के अमृत महोत्सव' के क्रम में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का सप्ताह भर चलने वाला समारोह नई दिल्ली में एक मार्च, 2022 को शुरू हुआ था। सप्ताह भर चलने वाले इस समारोह का समापन नारी शक्ति पुरस्कार वितरण से होगा। ये पुरस्कार वर्ष 2020 और 2021 के लिये हैं तथा राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द आठ मार्च, 2022 को राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक विशेष समारोह में पुरस्कार प्रदान करेंगे। वर्ष 2020 का पुरस्कार समारोह कोविड-19 महामारी से उत्पन्न परिस्थितियों के कारण 2021 में आयोजित नहीं हो पाया था।

माननीय प्रधानमंत्री भी पुरस्कार प्राप्त हस्तियों के प्रयासों को मान देने के लिये उनके साथ बातचीत करेंगे तथा इसके माध्यम से जनमानस को प्रेरित करेंगे कि वह महिला सशक्तिकरण के क्षेत्रों में काम करें और उत्कृष्टता प्राप्त करें।




सभी 28 पुरस्कार (वर्ष 2020 और 2021 के लिये 14-14) 29 हस्तियों को प्रदान किये जायेंगे। ये पुरस्कार उन लोगों को दिये जायेंगे, जिन्होंने महिलाओं के सशक्तिकरण, खासकर जोखिम वाली और सीमान्त महिलाओं के लिये उत्कृष्ट सेवा की है।

'नारी शक्ति पुरस्कार' व्यक्तियों और संस्थानों द्वारा किये जाने वाले उत्कृष्ट योगदानों को मान्यतास्वरूप महिला और बाल विकास मंत्रालय की पहल के तहत प्रदान किये जाते हैं। ये पुरस्कार उन महिलाओं को दिये जाते हैं, जिन्होंने समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में महती कार्य किया हो।

उल्लेखनीय है कि आयु, भौगोलिक बाधायें या संसाधनों तक पहुंच का अभाव इन उत्कृष्टता हासिल करने वाली महिलाओं को अपने सपने पूरे करने से नहीं रोक पाया। उनकी अदम्य भावना हमारे पूरे समाज तथा युवा मन को खासतौर से प्रेरित करेगी, ताकि वे लैंगिक पूर्वाग्रहों को तोड़ सकें तथा लैंगिक असमानता और भेदभाव के खिलाफ खड़े हो सकें। ये पुरस्कार उन महिलाओं के प्रयासों को मान्यता देते हैं, जो समाज की उन्नति में समान रूप से भागीदार बन रही हैं।

वर्ष 2020 के लिये नारी शक्ति पुरस्कार विजेताओं में विभिन्न क्षेत्रों की महिलायें शामिल हैं, जैसे उद्यमशीलता, कृषि, नवोन्मेष, सामाजिक कार्य, कला, दस्तकारी, एसटीईएमएम तथा वन्यजीव संरक्षण। वर्ष 2021 के लिये नारी शक्ति पुरस्कार विजेताओं में भाषा-विज्ञान, उद्यमशीलता, कृषि, सामाजिक कार्य, कला, दस्तकारी, मर्चेंट नेवी, एसटीईएमएम, शिक्षा, साहित्य, दिव्यांगजन अधिकार आदि क्षेत्रों की महिलायें शामिल हैं।

## बीएसएफ जवान ने साथी को गोली मारने के बाद खुद भी दी जान

**कोलकाता (आरएनएस)।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में एक कैंप में सीमा सुरक्षा बल के जवान ने सहकर्मी की गोली मारकर हत्या करने के बाद खुद को गोली मार ली, जिससे उसकी भी मौत हो गई। घटना सोमवार सुबह करीब 6.45 बजे सागरपाड़ा में एक सीमाई चौकी पर हुई। दोनों को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बीएसएफ के दक्षिण बंगाल सीमांत के डीआईजी एसएस गुलेरिया ने कहा 117 बटालियन के हेड-कांस्टेबल जॉनसन टोप्पो ने उसी बटालियन के हेड कांस्टेबल एचजी शेखरन को गोली मार दी। फिर उसने अपनी सर्विस राइफल से खुद को गोली मार ली। घटना के बाद बीएसएफ के दक्षिण बंगाल सीमांत के महानिरीक्षक अतुल फुलजेले सहित बीएसएफ के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे थे। घटना को लेकर कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी का आदेश दे दिया गया है और पुलिस में मामला दर्ज किया गया है।

अधिकारियों के अनुसार, दोनों को स्थानीय पुलिस ने तलब किया था, जिसके बाद उनके बीच झड़प हो गई। पंजाब के अमृतसर में एक शिविर में बीएसएफ के पांच कर्मियों के मारे जाने के एक दिन बाद यह घटना सामने आई है। इस घटना में चार जवान और उनपर गोली चलाने वाला जवान भी मारा गया है। उन्होंने बताया कि यह घटना तब हुई जब वे सीमा पर रात की ड्यूटी खत्म कर अपनी चौकी पर लौटे थे।

## 52,000 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप के साथ आस्ट्रेलिया में पढ़ेगा लखनऊ का छात्र

**लखनऊ (आरएनएस)।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज (प्रथम कैम्पस) के छात्र हर्षित यादव ने उच्चशिक्षा के लिए आस्ट्रेलिया की न्यू साउथ वेल्स यूनिवर्सिटी से 52,000 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप अर्जित कर लखनऊ का गौरव बढ़ाया है। हर्षित को यह स्कॉलरशिप चार वर्षीय उच्चशिक्षा अवधि के दौरान प्रदान की जायेगी।

इसके अलावा, आस्ट्रेलिया की ही मोनाश यूनिवर्सिटी व अमेरिका की ट्रेंट यूनिवर्सिटी ने भी हर्षित को उच्चशिक्षा के लिए आमन्त्रित किया है। इस प्रकार, सी.एम.एस. के इस प्रतिभाशाली छात्र ने अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता के दम पर विदेश के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय में स्कॉलरशिप के साथ चयनित होकर अपने मेधात्व का परचम लहराया है। सी.एम.एस. संस्थापक डा. जगदीश गाँधी ने सी.एम.एस. छात्र की सफलता पर बधाई देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है। सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने बताया कि प्रतिवर्ष भारी संख्या में सी.एम.एस. के मेधावी छात्र विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में उच्चशिक्षा के लिए चयनित होते हैं।

वर्ष 2022 में अभी तक 60 से अधिक सी.एम.एस. छात्रों ने अमेरिका, इंग्लैण्ड, कैनडा, आस्ट्रेलिया, जापान, सिंगापुर, जर्मनी आदि विभिन्न देशों के ख्यातिप्राप्त विश्वविद्यालयों जैसे कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी, कैलीफोर्निया इन्स्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (कैलटेक), मैसाचुसेट्स इन्स्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एम.आई.टी.), स्टेनफोर्ड यूनिवर्सिटी, कार्नेल यूनिवर्सिटी, मेलबर्न यूनिवर्सिटी व नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर आदि में स्कॉलरशिप के साथ चयनित होकर कीर्तिमान बनाया है।

# ग्रामीण विकास विभाग ने नारी विषय पर अपने प्रतिष्ठित सप्ताह समारोह का किया शुभारंभ

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय का ग्रामीण विकास विभाग, अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के सप्ताह के दौरान 7 से 13 मार्च, 2022 तक आजादी का अमृत महोत्सव के तहत अपने प्रतिष्ठित सप्ताह का आयोजन कर रहा है। इस प्रतिष्ठित सप्ताह का विषय भारत में ग्रामीण महिलाओं के योगदान का समारोह मनाने के लिए नए भारत की नारी है और इसका आधिकारिक हैशटैग है।

इस अवधि के दौरान, ग्रामीण विकास विभाग ने अपने विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से, राष्ट्रीय और




राज्य स्तर पर समारोह के कार्यक्रमों और गतिविधियों की एक श्रृंखला अयोजित करने की योजना बनाई है। इस प्रतिष्ठित सप्ताह का प्रत्येक दिन एक उप-विषय को समर्पित किया गया है, जो ग्रामीण महिलाओं द्वारा उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाने, उनके द्वारा तोड़े गए सामाजिक बंधनों या उन मुद्दों का स्मरण कराता है जहां ग्रामीण महिलाओं ने अन्य मंत्रालयों और राज्यों के सहयोग से तथा मंत्रालय द्वारा प्रदान की गई सहायता से अच्छा प्रदर्शन किया है।

एक सप्ताह चलने वाले इस समारोह के दौरान, प्रत्येक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरएसईटीआई) महिला प्रशिक्षुओं का एक बैच शुरू करेगा, प्रत्येक राज्य/केंद्र शासित प्रदेश में 1 लाख से अधिक अर्जित करने वाले 75 स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) की महिलाओं को सम्मानित करेगा, प्रत्येक राज्य/केंद्र शासित प्रदेश प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत 75 महिला लाभार्थियों के गृह प्रवेश का आयोजन करेगा, डीएवाई-एनआरएलएम के तहत ग्रामीण स्वयं सहायता समूह की महिलाएं राज्यों के 75 जिलों में स्वच्छता अभियान चलाएंगी, प्रत्येक जिला एसबीएम-जी के तहत समग्रता के माध्यम से पीएमएवाई-जी के तहत शौचालयों का निर्माण करने के लिए 750 ग्रामीण महिला लाभार्थियों को वित्तीय सहायता प्रदान करेगा।